आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 12.09.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सी.पी. राधाकृष्णन को भारत के उपराष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई।

- बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए।

- आदिमजाति विकास आयुक्त ने प्रदेश के आश्रम—छात्रावासों में अनाधिकृत रूप से रह रहे बाहरी व्यक्तियों पर तत्काल निष्कासन की कार्रवाई करने के दिए निर्देश।

- राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

....................

उपराष्ट्रपति—शपथ ग्रहण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सी.पी. राधाकृष्णन को भारत के उपराष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा, पीयूष गोयल तथा नितिन गडकरी सहित कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित थे।

माओवादी—मुठभेड़

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए हैं। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जिले के दक्षिण—पश्चिमी इलाके में माओवादियों की मौजूदगी की

सूचना के आधार पर सुरक्षाबल के जवानों को रवाना किया गया था। इसी दौरान जवानों पर माओवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों द्वारा घटनास्थल की तलाशी के दौरान दो माओवादियों के शव बरामद किए गए। साथ ही थ्री नॉट थ्री रायफल सहित अन्य हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

इस बीच, गरियाबंद जिले के मैनपुर इलाके में कल हुई मुठभेड़ में मारे गए दस माओवादियों की शिनाख्त कर ली गई है। मारे गए माओवादियों में माओवादी संगठन के तीन वरिष्ठ सदस्य भी शामिल थे। इन माओवादियों पर पांच करोड़ रूपए से अधिक का इनाम घोषित था। एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि मैनपुर इलाके में हुई मुठभेड़ में मारे गए दस माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। घटनास्थल से दस हथियार और अन्य सामग्री बरामद की गई है।

मुख्यमंत्री–जीएसटी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केन्द्र सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों को ऐतिहासिक बताया है। आज रायपुर में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि जीएसटी के चार स्लैब को दो स्लैब में लाया गया है। इससे व्यापारियों, उद्योगपतियों, किसानों और आम नागरिकों को फायदा होगा।

जीएसटी विशेष कार्यक्रम/बातों–बातों में

श्रोताओं, केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए सुधारों पर प्रादेशिक समाचार एकांश आकाशवाणी रायपुर द्वारा कल विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम कल सुबह नौ बजकर पचपन मिनट पर प्रसारित होगा।

वहीं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई स्प्री योजना के बारे में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय निदेशक भूपेन्द्र कुमार से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल तेरह सितंबर को एफ.एम. चैनल पर सुबह नौ बजे से और प्राईमरी चैनल पर सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

संसदीय संघ भारत क्षेत्र–सम्मेलन

राष्ट्रकुल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के सम्मेलन का आयोजन बेंगलूरू में किया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा सहित देश के विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के विधान मंडल के पीठासीन अधिकारी और सचिव शामिल हो रहे हैं।

छात्रावास–कार्रवाई निर्देश

आदिमजाति विकास आयुक्त डॉक्टर सारांश मित्तर ने प्रदेश के सभी विभागीय सहायक आयुक्तों को पत्र लिखकर आश्रम–छात्रावासों में अनाधिकृत रूप से रह रहे बाहरी व्यक्तियों पर तत्काल निष्कासन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आश्रम–छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण करने को भी कहा गया है। पत्र में कहा गया है कि छात्रावासों से बाहरी व्यक्तियों और पूर्व विद्यार्थियों का निष्कासन करने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस की सहायता भी ली जा सकती है। भविष्य में अनाधिकृत व्यक्तियों का छात्रावास में पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

बस्तर ओलंपिक

उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा ने नवा रायपुर में आज बस्तर ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि आगामी अक्टूबर–नवम्बर में होने वाले बस्तर ओलंपिक में विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें बस्तर संभाग के सातों जिलों और बत्तीस विकासखंडों के चालीस हजार से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि राज्य सरकार बस्तर ओलंपिक के माध्यम से बस्तर में भयमुक्त वातावरण बनाकर युवाओं को खेल और उत्सव से जोड़ना चाहती है।

लोक अदालत

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में कल तेरह सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह इस वर्ष की तीसरी लोक अदालत होगी। लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, चेक बाउंस, जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण, ट्रैफिक चालान, बैंक, विद्युत संबंधी प्री–लिटिगेशन प्रकरण सहित अनेक मामलों का निराकरण आपसी राजीनामे से किया जाएगा।

वेव्स–ऐप

दृश्य–श्रव्य माध्यम, मीडिया और रचनात्मक कार्यों में रूचि रखने वालों के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ ग्लोबल ओटीटी प्लेटफार्म छब्बीस भाषाओं में निःशुल्क उपलब्ध है। वेव्स ऐप को टेलीविजन और मोबाइल पर एंड्रॉयड एंड आईओएस स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से फिल्म, संगीत, गेम्स, एनीमेशन,

समाचार, स्टोरी टेलिंग, बच्चों के कार्यक्रम, इतिहास, धार्मिक चैनल्स, स्वास्थ्य, सीरियल जैसे अनेक कार्यक्रमों का आनंद लिया जा सकता है।

गौरतलब है कि एक मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ल्ड ऑडियो और विजुअल समिट वेव्स का शुभारम्भ किया था।

वन शहीद दिवस

वन शहीदों की स्मृति में कल राजधानी रायपुर के राजीव स्मृति वन में इक्कीसवां राष्ट्रीय वन शहीद दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान वन शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि वन शहीदों की शहादत हमें पर्यावरण संरक्षण की महत्ता और इसे संरक्षित करने की हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाती है।

मौसम

प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान अनेक हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, बस्तर, रायपुर और दुर्ग संभाग में एक दो स्थानों पर गरज—चमक के साथ भारी वर्षा होने तथा आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। इसका असर छत्तीसगढ़ में भी देखा जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

– उप मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने नवा रायपुर में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में शासन द्वारा स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों के लिए जरूरी भू–अर्जन की कार्यवाहियों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

– स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के डीन और मेडिकल सुप्रीटेंडेंट की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री जायसवाल ने एनएमसी के मापदंड को पूरा करने के लिए निर्देशों का पालन करने की बात कही।

– मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह ने आज मंत्रालय में राज्य के माओवाद प्रभावित जिलों में हितग्राही मूलक कार्यक्रमों, योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की।

– छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत जिला स्तर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन का सिलसिला शुरू हो गया है। विभिन्न जिलों में रंगोली प्रतियोगिता और पोषण आहार मेलों के साथ ही महिला सशक्तीकरण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

– रायपुर रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित टिकट काउंटर को रेलवे आरक्षण केंद्र में स्थानांतरित किया गया है। इससे अब यात्रियों को अनारक्षित टिकट रेलवे आरक्षण केंद्र में स्थित काउंटर से मिलेंगे।

– दुर्ग जिले में बीती रात पुलिस ने धमधा रोड पर वाहनों की चेकिंग के दौरान बाईस किलो गांजा जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

और

– बस्तर जिले के ग्राम किलेपाल के पास बीती रात जगदलपुर–दंतेवाड़ा मार्ग पर दो वाहनों के बीच टक्कर के बाद आग लगने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे में घायल तीन युवकों को महारानी अस्पताल से मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में भर्ती कराया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>